पत्रिका

# फैक्ट्री पर नकली सरसों बनाकर असली में करते थे मिलावट, पुलिस ने बड़े गिरोह का किया भांडाफोड़, सरगना समेत 6 आरोपी गिरफ्तार

Rajasthan Crime News: नकली सरसों बनाने और सप्लाई करने वाले बड़े गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। एसपी के निर्देशन में कार्रवाई कर पुलिस टीम ने इस गिरोह के मुख्य सरगना सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर नकली सरसों बनाने वाली फैक्ट्री भी पकड़ ली।

गिरोह असली सरसों में मिलावट कर उसे बाजार में सप्लाई कर रहा था। पुलिस ने छापेमारी कर मौके से नकली सरसों बनाने की मशीनें, विद्युत मोटर और छलनी सहित अन्य उपकरण जब्त किए हैं।
राजस्थान पत्रिका ने गत 26 नवंबर के अंक में खबर को प्रमुखता से उठाते हुए इस काले कारनामें का भंडाफोड़ किया था। पत्रिका में खबर प्रकाशित होने के बाद नैफेड के अधिकारियों ने भंडारण गृह खैरथल में जांच की। इस दौरान बड़े पैमाने पर मिलावटी सरसों मिलने से सनसनी फैल गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए 10 जनवरी 2025 को मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच शुरू की गई।
Source: https://www.patrika.com/alwar-news/police-busted-big-gang-of-khairthal-fake-mustard-business-exposed-6-accused-arrested-with-kingpin-19507340